केंद्रीय विद्यालय, लखनऊ, संभाग
अभ्यास परीक्षा, 2019 –20

कक्षा - 10वीं | पूर्णांक - 80

विषय - हिंदी | समय - 3 घंटे

निर्देश :- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग और घ

- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

खंड -क

1-निम्नलिखित गद्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए –

छोटे बच्चों में भाषा- जैसी चीज नहीं होती, किन्तु भूखा या दर्द आदि से पीड़ित होने पर वह रोकर या अंगों को पटक कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है और यह प्रतिक्रिया ही उसके लिए भाषा बन जाती है । माँ समय और स्थिति के आधार पर इन प्रतिक्रियाओं से उसके भूखे या दर्द आदि से पीड़ित होने का अनुमान लगा लेती है । धीरे-धीरे बच्चे को पता चल जाता है कि भूखा होने पर रोने की क्रिया द्वारा वह खाना पा सकता है और वह रोने का धीरे-धीरे भाषा के रूप में प्रयोग करने लगता है । साथ ही, अभ्यास से पीठ ठोंकने आदि से सोने और बैठाने से शौच होने आदि के रूप में वह माँ के 'इशारों की भाषा' को समझने लगता है । इस प्रकार विचारों का आदान-प्रदान बच्चा बहुत छोटी अवस्था से करने लगता है, किन्तु इसे सच्चे अर्थों में भाषा की संज्ञा नहीं दी जा सकती । दोनों में बहुत अंतर है ।

फिर, धीरे-धीरे बच्चों में अनुकरण की प्रवृत्ति आ जाती है, साथ ही वह ओठों से और जीभ से तरह-तरह की ध्वनियों को बिना किसी उद्देश्य के उच्चरित करता है। यों तो पैदा होते ही बच्चा रोने के रूप में ऊँ ,ऊओं आदि ध्वनियों का उच्चारण करता सुना जाता है, किन्तु शीघ्र वह अन्य ध्वनियों का भी उच्चारण करने लगता है। प्रारम्भ में अनर्गल ध्वनि-समूहों से उसका ध्वनि-उच्चारण का अभ्यास बढ़ता है और धीरे-धीरे वह अभ्यास के आधार पर सफलता से अनुकरण करने लगता है।

बच्चे आरंभ में केवल एक-एक शब्द कहते हैं,किन्तु वे शब्द हमारी दृष्टि से हैं; बच्चों की दृष्टि से वे वाक्य हैं। बच्चे द्वारा कहे गये 'दू' या 'दूध' का अर्थ है 'मुझे दूध दो'। धीरे-धीरे

वे व्याकरण की अन्य बातों को सुन-सुन कर सीख लेते हैं। सादृश्य के आधार पर शब्दों का निर्माण भी इसी काल के बाद शुरू होता है। बच्चे में इस निर्माण के आरंभ होने का अर्थ है कि उसके मस्तिष्क में भाषा की नियमितता अपना स्थान बनाने लगी है

(क)छोटे बच्चों की भाषा का स्वरूप कैसा होता है ? 2

(ख)इशारों की भाषा से क्या तात्पर्य है ? 2

(ग) बालक किस प्रकार ध्वनि-उच्चारण सीखता है ? 2

(घ)बच्चों की दृष्टि में पूर्ण वाक्य क्या है ? 1

(ङ)उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

2-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए-

केश कम्बली गुफा-गेह ने खोला कम्बल ।
धरती पर चुपचाप बिछाया ।
वीणा उस पर रख, पलक मूँद कर , प्राण खींच,
कर के प्रणाम,
अस्पर्श छुअन से छूए तार ।
धीरे बोला :"राजन !पर मैं तो
कलावंत हूँ नहीं, शिष्य, साधक हूँ –
जीवन के अनकहे सत्य का साक्षी ।
वज्रकीर्ति !
प्राचीन किरिटी-तरु !
अभिमंत्रित वीणा !
ध्यान मात्र इन का तो गदगद विह्वल कर देने वाला है !"
चुप हो गया प्रियंवद ।
सभा भी मौन हो रही ।
वाद्य उठा साधक ने गोद रख लिया ।
धीरे-धीरे झुक उस पर, तारों पर मस्तक टेक दिया ।
सभा चकित थी-अरे, प्रियंवद क्या सोता है ?

(क)कला के लिए समर्पण किस पंक्ति में दृष्टिगोचर होता है ? 1

(ख) सभा का मौन होना क्या दर्शाता है ? 1

(ग)किसके ध्यान मात्र से प्रियंवद गदगद हो उठता है ? 1

10-अखबारों ने जिंदा नाक लगने की खबर को किस तरह से प्रस्तुत किया ? 4

अथवा

"कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं। "इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है ?

खंड-घ

11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – 10

(क) भारत में वृद्धों(बूढ़ों) की समस्याएँ

- समस्याएँऔरउनकेकारण
- समस्याएँ दूर करने के उपाय
- परिवार में वृद्धों का महत्व

(ख) धरोहरों (विरसतों)का महत्व

- परिचय
- सांस्कृतिक महत्व
- सहेजने के उपाय

(ग) ऑनलाइन धोखाधड़ी

- अर्थ विस्तार
- ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके
- बचने के तरीके

12-आपके चुनाव क्षेत्र में सम्पन्न हुए चुनाव में होने वाली गड़बड़ी का ब्योरा देते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखिए ।

(अथवा)

विद्यालय के वार्षिक खेल-कूद महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने मित्र को भावपूर्ण पत्र लिखिए । 5

****